Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़ (संग्रह)

## अक्टूबर भाग-1 2022



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. वैश्विक नवाचार सूचकांक (GII) 2022, विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा जारी किया जाता है।
   2. यह अर्थव्यवस्था के नवाचार प्रदर्शन को मापने के लिये महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसे वर्ष में दो बार जारी किया जाता है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. प्रथाएँ, अभिव्यक्ति, ज्ञान और कौशल अमूर्त सांस्कृतिक विरासत हो सकते हैं।
   2. हैदराबाद की हिमरू बुनाई भारत का विरासत वस्त्र शिल्प है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. "मीथेन" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
   1. मीथेन कार्बनिक पदार्थों के टूटने या क्षय से उत्पन्न होती है।
   2. यह समतापमंडलीय ओज़ोन के लिये ज़िम्मेदार है।
   3. यह टूटने के बाद वातावरण में लंबे समय तक नहीं रहती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 1 और 3
   C. केवल 3
   D. 1, 2 और 3

4. हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. खेलों का पहला संस्करण लाहौर में आयोजित किया गया था।
   2. पहले इन्हें भारतीय ओलंपिक खेलों के नाम से जाना जाता था।
   3. 36वें राष्ट्रीय खेलों का आधिकारिक शुभंकर 'सावज' (SAVAJ) है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. 1, 2 और 3
   D. केवल 3

5. नर्मदा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह प्रायद्वीपीय क्षेत्र की सबसे बड़ी पूर्व की ओर बहने वाली नदी है।
   2. यह उत्तर में विंध्य रेंज और दक्षिण में सतपुड़ा रेंज के बीच एक भ्रंश घाटी से होकर बहती है।
   3. यह मध्य प्रदेश में अमरकंटक के पास मैकाल श्रेणी से निकलती है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

6. आपादा मित्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना वर्ष 2016 में शुरू की गई केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो आपदा संभावित क्षेत्रों में ऐसे व्यक्तियों की पहचान करता है जिन्हें आपदा की स्थिति में प्रथम प्रतिक्रियाकर्त्ता बनने के लिये प्रशिक्षित किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. प्रशांत द्वीपीय देश राज्यों का एक समूह है जो प्रशांत महासागर के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में अवस्थित हैं।
2. किरिबाती एक प्रशांत द्वीपीय देश है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

8. "अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान (IMEI) संख्या" के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::

1. कस्टम विभाग भारत में उपकरणों के IMEI नंबरों की जाँच और रिकॉर्ड कर सकता है।
2. ब्लैकलिस्ट में IMEI नंबर वाले उपकरणों को पर्यवेक्षण के तहत कनेक्ट करने की अनुमति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

9. वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) द्वारा की गई पहलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

| | नवाचार | | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 1. | दृष्टि ट्रांसमिसोमीटर | : | सुरक्षित लैंडिंग और टेक-ऑफ संचालन के लिये दृश्यता प्रदान करता है। |
| 2. | क्षीर-स्कैनर | : | दूध में मिलावट के स्तर का पता लगाना। |
| 3. | अमिट स्याही | : | चुनाव के दौरान मतदाता के नाखून पर निशान लगाना। |
| 4. | स्वदेशी गायरोट्रॉन | : | रेलवे के लिये लिथियम-आयन सौर ऊर्जा संचालित उपकरण। |

नोट :

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल एक युग्म

B. केवल दो युग्म

C. केवल तीन युग्म

D. केवल चार युग्म

10. "हल्के लड़ाकू विमान (LCA)" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. LCA को वैमानिकी विकास एजेंसी द्वारा डिज़ाइन किया गया है।।

2. तेजस, नेवी और MK-1A LCA के वेरिएंट हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

11. विश्व पर्यावास दिवस (WHD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र ने 3 अक्तूबर को WHD के रूप में नामित किया है।

2. इस वर्ष के WHD का विषय है- "दूरी का ध्यान रखें, किसी को भी पीछे मत छोड़ो और पीछे मत रहो"।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

12. स्वच्छ सर्वेक्षण अवार्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दुनिया का सबसे बड़ा शहरी सफाई और स्वच्छता सर्वेक्षण है।

2. इसका नोडल मंत्रालय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय है।

3. वर्ष 2022 के लिये इंदौर भारत के पहले 7-स्टार कचरा मुक्त शहर के रूप में उभरा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

13. दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास कोष योजना (TTDF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. TTDF योजना, यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) द्वारा शुरू की गई है।

2. TTDF का उद्देश्य, ग्रामीण-विशिष्ट संचार प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों में अनुसंधान और विकास को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

14. “अल्ज़ाइमर रोग” के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अल्ज़ाइमर रोग मस्तिष्क की कोशिकाओं में और उसके आसपास प्रोटीन के असामान्य निर्माण के कारण होता है।
2. महिलाओं की तुलना में पुरुषों में अल्ज़ाइमर रोग होने का खतरा अधिक होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

15. "नोबेल पुरस्कार" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पुरस्कार समारोह प्रतिवर्ष जर्मनी में दिसंबर में आयोजित किया जाता है।
2. मदर टेरेसा, नोबेल पुरस्कार विजेता पहली भारतीय महिला थीं।
3. नोबेल पुरस्कार अल्फ्रेड नोबेल की इच्छा से स्थापित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

16. निम्नलिखित में से किसने वर्ष 2022 में मेडिसिन/फिजियोलॉजी का नोबेल पुरस्कार जीता?

A. डेविड जूलियस
B. स्वंते पाबो
C. बेंज़ामिन लिस्ट
D. डेविड मैकमिलन

17. . बायोमास को-फायरिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बायोमास को-फायरिंग कोयला थर्मल संयंत्रों में बायोमास के साथ ईंधन के एक हिस्से को प्रतिस्थापित करने की विधि है।
2. बायोमास को-फायरिंग कोयले को डीकार्बोनाइज़ करने के लिये विश्व स्तर पर स्वीकृत एक लागत प्रभावी तरीका है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

16. निम्नलिखित में से कौन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से संबंधित नहीं है

A. राष्ट्रीय साइबर क्राइम थ्रेट विश्लेषण यूनिट
B. साइबर क्राइम पारिस्थितिकी प्रबंधन यूनिट
C. कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम - इंडिया (CERT-In)
D. राष्ट्रीय साइबर क्राइम फोरेंसिक प्रयोगशाला पारिस्थितिकी तंत्र

19. . निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का पहला स्वदेशी बहु-भूमिका वाला लड़ाकू हेलीकॉप्टर है?

A. HAL चेतक
B. HAL चीता
C. HAL प्रचंड
D. HAL रुद्र

नोट :

20. रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार 2022 निम्नलिखित में से किसके विकास के लिये दिया गया था?

A. क्लिक केमिस्ट्री और बायोऑर्थोगोनल केमिस्ट्री

B. असममित ऑर्गनोकैटलिसिस

C. जीनोम संपादन विधि

D. लिथियम आयन बैटरी

21. 'क्रेडिट रेटिंग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में क्रेडिट रेटिंग एजेंसियाँ भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पंजीकृत हैं।
2. क्रेडिट रेटिंग क्रेडिट योग्यता के साथ युग्मित जोखिम चर को उज़ागर करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

22. डिजिटल सेवा अधिनियम (DSA) जो एकल बाज़ार में बिचौलियों के दायित्वों और जवाबदेही पर सामान्य नियमों का एक समूह होने के साथ अपने सभी उपयोगकर्त्ताओं की उच्च सुरक्षा सुनिश्चित करता है,को निम्नलिखित में से किस देश में स्वीकृत किया गया है?

A. यूरोपीय संघ

B. चीन

C. संयुक्त राज्य अमेरिका

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

23. "भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI)" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. QCI एक गैर-लाभकारी संगठन है जो सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत है।
2. इसे 1996 में प्रत्यायन के लिये राष्ट्रीय निकाय के रूप में स्थापित किया गया था।
3. QCI के अध्यक्ष की नियुक्ति केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री द्वारा उद्योगों की सिफारिश पर की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

24. . लस्सा बुखार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सिंगल-स्ट्रैंडेड RNA वायरस के कारण होता है।
2. यह चूहों के कारण फैलने वाला ज़ूनोटिक रोग है।
3. यह रोग गले मिलने, हाथ मिलाने या किसी के पास बैठने जैसे आकस्मिक संपर्कों से नहीं फैलता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

25. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. ग्रीन स्टील वह स्टील है जिसे कोयला गैसीकरण तकनीक का उपयोग करके उत्पादित किया जाता है।
2. ग्रीन स्टील के निर्माण को ब्लू हाइड्रोजन द्वारा सुगम बनाया जा सकता है।

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

26. संयुक्त व्यापक कार्ययोजना (JCPOA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ईरान, इज़रायल और P5+1 (चीन, फ्राँस, रूस, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका + जर्मनी) के बीच बातचीत का परिणाम था।
2. JCPOA के अनुसार, ईरान प्रोटोकॉल को लागू करने के लिये सहमत हुआ जो अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के निरीक्षकों को अपने परमाणु स्थलों तक पहुँचने की अनुमति देगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

27. अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 2020 में हुई थी।
2. इसका मुख्यालय गुजरात में है।
3. इसके सदस्यों को राज्य एवं केंद्र सरकार दोनों द्वारा नियुक्त किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

28. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे व्यापक रूप से दुनिया के "शांति और विकास के लिये परमाणु" संगठन के रूप में जाना जाता है।
2. यह एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो वार्षिक रूप से संयुक्त राष्ट्र महासभा को रिपोर्ट करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

29. टोकनाइज़ेशन सिस्टम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सुनिश्चित करता है कि बैंकों द्वारा संचालित भुगतान प्रणालियों से संबंधित संपूर्ण डेटा केवल भारत में एक प्रणाली में संग्रहीत किया जाता है।
2. यह सुनिश्चित करता है कि भुगतान प्रणाली सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के स्वामित्व में संचालित है।
3. यह एक अद्वितीय वैकल्पिक कोड के साथ वास्तविक डेबिट कार्ड विवरण के प्रतिस्थापन को संदर्भित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

30. पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पर्यावरण पर प्रस्तावित परियोजना के संभावित प्रभावों के अध्ययन हेतु एक प्रक्रिया है।
2. इसमें आम लोगों के भी विचार सम्मिलित किये जाते हैं।
3. यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है जो कुछ परियोजनाओं के लिये अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

31. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. नरम प्रवाल बहि: कंकाल बनाने के लिये समुद्री जल से कैल्शियम कार्बोनेट निकालते हैं।
2. कठोर प्रवाल खुद को अपने पूर्वजों द्वारा निर्मित पुराने कंकालों से जोड़ते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

32. 'ऑल इंडिया काउंसिल फॉर रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन (AICRA)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. AICRA सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. यह रोबोटिक्स और ऑटोमेशन एवं शिक्षा उद्योग में मानक स्थापित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

33. निम्नलिखित में से किस देश की सीमा बुर्किना फासो से लगती है?

A. नाइजर

B. इरिट्रिया

C. ज़ाम्बिया

D. दक्षिण सूडान

34. . नॉर्ड स्ट्रीम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बाल्टिक पाइप नॉर्ड स्ट्रीम का विस्तार है।
2. यह रूस पर यूरोप की ऊर्जा निर्भरता को कम करता है।
3. यह रूस और जर्मनी को जोड़ने वाले बाल्टिक सागर के नीचे बिछाई गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

35. निम्नलिखित में से कौन-सा देश फारस की खाड़ी के साथ सीमा साझा नहीं करता है?

A. ओमान

B. संयुक्त अरब अमीरात

C. कुवैत

D. जॉर्डन

36. 'संयुक्त राष्ट्र शांति सेना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्लू हेलमेट संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के कर्मियों के लिये इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है।
2. संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों को संघर्ष के पक्षों के साथ अपने व्यवहार में निष्पक्ष होना चाहिये , लेकिन तटस्थ नहीं होना चाहिये ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जैव विविधता को मुख्यधारा में लाना- नीति निर्माण में इसे शामिल करके जैव विविधता संरक्षण की FAO की चिंता को संदर्भित करता है।
2. वनों के लिये संयुक्त राष्ट्र की रणनीतिक योजना ने वैश्विक वन लक्ष्यों और संबंधित लक्ष्यों को वर्ष 2030 तक प्राप्त करने हेतु निर्धारित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्टाम्प शुल्क संघ द्वारा लगाया जाता है लेकिन राज्यों द्वारा एकत्र और विनियोजित किया जाता है।
2. अंतर-राज्यीय व्यापार के दौरान वस्तु की बिक्री एवं खरीद पर कर लगाया जाता है जिसको राज्यों द्वारा एकत्र किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

39. 38वाँ समानांतर रेखा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उत्तर और दक्षिण कोरिया को विभाजित करने वाली सीमा रेखा है।
2. यह संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के बीच की अंतर्राष्ट्रीय सीमा है
3. यह जर्मनी और पोलैंड को विभाजित करने वाली अंतर्राष्ट्रीय सीमा है।
4. यह भूमध्य रेखा और उत्तरी ध्रुव के बीच की मध्य बिंदु है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1

C. केवल 3

D. केवल 1, 2 और 3

40. विदेशी मुद्रा भंडार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये विदेशी मुद्रा में एक केंद्रीय बैंक द्वारा आरक्षित पर रखी गई संपत्ति हैं, जिसमें सरकारी प्रतिभूतियाँ भी शामिल हो सकती हैं।
2. विशेष आहरण अधिकार (SDR) इन भंडारों के घटकों में से एक हैं।
3. यह मौद्रिक और विनिमय दर प्रबंधन की नीतियों का समर्थन करता है और उनमें विश्वास बनाये रखता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

41. भारत में सौर ऊर्जा क्षमता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मोढेरा गाँव भारत का पहला सौर ऊर्जा संचालित गाँव बन गया।
2. भारत ने वर्ष 2030 के अंत तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है।
3. भारत नई सौर उर्जा क्षमता में एशिया का सबसे बड़ा बाज़ार है।
4. अटल ज्योति योजना (AJAY) का उद्देश्य भारत में रूफटॉप सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3 और 4

D. केवल 1, 2 और 3

42. जयप्रकाश नारायण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे मार्क्सवादी विचारों से प्रभावित थे।
2. उन्होंने प्रजा सोशलिस्ट पार्टी (PSP) का गठन किया।
3. वह भूदान यज्ञ आंदोलन का हिस्सा थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

43. 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना (BBBP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

1. इसे केवल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MW&CD) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।
2. गुड्डी-गुड्डा बोर्ड योजना के प्रमुख घटकों में से एक है।

**नोट :**

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

44. निम्नलिखित में से कौन-से अरल सागर के सीमावर्ती देश हैं?

1. उज़्बेकिस्तान
2. कज़ाखस्तान
3. तुर्कमेनिस्तान
4. रूस
5. चीन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2, 3 और 4

B. केवल 2, 3, 4 और 5

C. केवल 1 और 5

D. केवल 1 और 2

45. पंचायती राज संस्थान (PRI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. PRI को 71वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से संवैधानिक बनाया गया था।
2. पाँचवीं अनुसूची के तहत सूचीबद्ध अनुसूचित क्षेत्रों को पंचायती राज संस्थान (PRI) से छूट दी गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

46. निम्नलिखित में से कौन-सा देश एड्रियाटिक सागर के साथ सबसे लंबी सीमा साझा करता है?

A. इटली

B. स्लोवेनिया

C. क्रोएशिया

D. अल्बानिया

47. निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्रकाशन अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा किया जाता है?

1. फिस्कल मॉनीटर
2. वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक
3. वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट
4. चीफ इकोनॉमिस्ट्स आउटलुक

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

नोट :

48. पूर्वोत्तर के लिये प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना केंद्र सरकार द्वारा 100% वित्त पोषित है।
2. इस योजना के कार्यान्वयन के लिये गृह मंत्रालय उत्तरदायी है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

49. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | उपग्रह नेविगेशन प्रणाली | देश |
|---|---|---|
| 1. | जीपीएस | अमेरिका |
| 2. | ग्लोनास | रूस |
| 3. | बाइदू | जापान |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. 1, 2 और 3
D. केवल 2 और 3

50. सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस मॉडल के तहत निवेश निजी क्षेत्र की इकाई द्वारा किया जाता है।
2. यह निजीकरण की प्रक्रिया नहीं है।
3. निजी इकाई का चयन खुली प्रतिस्पर्द्धी बोली के आधार पर किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

51. भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे निजी कंपनियों को भारतीय अंतरिक्ष अवसंरचना का उपयोग करने के लिये एक समान अवसर प्रदान करने हेतु लॉन्च किया गया था।
2. यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अंतरिक्ष से संबंधित गतिविधियों में भाग लेने के इच्छुक सभी लोगों के बीच सिंगल-पॉइंट इंटरफेस के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

52. "सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. श्री कुलवाल बनाम जयपुर नगर निगम मामले के माध्यम से वर्ष 1986 में RTI कानून की उत्पत्ति हुई।
2. केंद्र सरकार मुख्य सूचना आयुक्त के वेतन और भत्ते निर्धारित करती है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53. . ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह लिक्विड स्टेज से लैस पहला भारतीय लॉन्च व्हीकल है।
2. इसने चंद्रयान -1 और मार्स ऑर्बिटर अंतरिक्षयान को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

54. इंटरनेशनल माइग्रेशन आउटलुक 2022 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया गया है ?

A. विश्व बैंक

B. संयुक्त राष्ट्र

C. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)

D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

55. कैस्पियन सागर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पृथ्वी का सबसे बड़ा अंतर्देशीय जल निकाय है।
2. इसकी सीमा ईरान, तुर्कमेनिस्तान, कज़ाखस्तान, अज़रबैजान और रूस से लगती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56 'वैश्विक भुखमरी सूचकांक (GHI)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. GHI वार्षिक रिपोर्ट है और GHI स्कोर का प्रत्येक समूह 5 वर्ष के डेटा पर आधारित है।
2. चाइल्ड वेस्टिंग ग्लोबल हंगर इंडेक्स की गणना के लिये उपयोग किये जाने वाले संकेतकों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

57. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के हिस्से के रूप में सीमा शुल्क और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम या समाप्त किया जाता है।
2. व्यापार संरक्षणवाद के सिद्धांतों को एफटीए द्वारा बढ़ावा दिया जाता है।

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

58. मलक्का जलडमरूमध्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अंडमान सागर (हिंद महासागर) और दक्षिण चीन सागर (प्रशांत महासागर) को जोड़ता है।
2. यह मध्य-पूर्व और पूर्वी एशिया के बीच सबसे लंबा समुद्री मार्ग है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सहकारी समिति बनाने का अधिकार भारत के नागरिकों को प्रदत्त एक मौलिक अधिकार है।
2. 97वें संशोधन अधिनियम ने भारत में कार्यरत सहकारी समितियों के संबंध में संविधान में भाग IXA जोड़ा।
3. सहकारी समितियों को बढ़ावा देना राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों में शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

60. भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में नागरिक उड्डयन उद्योग देश में सबसे तेज़ी से बढ़ते उद्योगों में से एक के रूप में उभरा है।
2. भारत वर्तमान में दुनिया का 7वाँ सबसे बड़ा नागरिक उड्डयन बाज़ार है।
3. UDAN योजना के तहत सरकार का लक्ष्य वर्ष 2025 तक 100 हवाई अड्डों का विकास करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

## उत्तर भाग-1

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | A | 2. | C | 3. | B | 4. | C | 5. | B |
| 6. | B | 7. | C | 8. | A | 9. | C | 10. | D |
| 11. | C | 12. | C | 13. | D | 14. | B | 15. | B |
| 16. | B | 17. | C | 16. | C | 19. | C | 20. | A |
| 21. | B | 22. | A | 23. | A | 24. | D | 25. | C |
| 26. | B | 27. | A | 28. | C | 29. | C | 30. | A |
| 31. | D | 32. | B | 33. | A | 34. | C | 35. | D |
| 36. | C | 37. | C | 38. | A | 39. | B | 40. | D |
| 41. | C | 42. | D | 43. | B | 44. | D | 45. | D |
| 46. | A | 47. | B | 48. | A | 49. | B | 50. | D |
| 51. | D | 52. | C | 53. | C | 54. | C | 55. | D |
| 56. | C | 57. | A | 58. | A | 59. | B | 60. | A |

दृष्टि The Vision

नोट :